University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 19 October 2021

**PIONEER PAGE 3**

## बीएड :पहले चरण में 131841 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित

लखनऊ। प्रदेश भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर कराई जा रही बीएड 2021.23 की ऑनलाइन काउंसलिंग का पहला चरण सोमवार को पूरा हो गया।इस चरण में कुल 251125 सीटों के सापेक्ष कुल 164188 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण कराया और कुल 131841 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा लॉक बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी के मुताबिक 22 अक्टूबर से पूल काउंसलिंग हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगी। इस पूल काउंसलिंग में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी 22 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया कर सकते हैं। पूल काउंसलिंग के आवंटन का परिणाम 27 अक्टूबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को पूर्ण शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5**

## स्नातक में प्रवेश पा चुके अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच कल से



लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश (सत्र 2021-22) के अंतर्गत वीए व वीएससी (चार वर्षीय प्रोग्रामम) में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है, उनके प्रमाण पत्रों की जांच 20 अक्टूवर से 24 अक्टूवर के मध्य लविवि के ओल्ड कैम्पस में होगी।

इसके तहत वीए (चार वर्षीय प्रोग्रामम) में प्रवेश पा चुके अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच लविवि ओल्ड कैम्पस में स्थित अटल व्लाक के जियोग्राफी हाल में होगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को एलाटमेंट पत्र, फीस की रसीद एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ नाम के प्रथम अल्फावेट के अनुसार निर्धारित की गयी तिथियों को पूर्वाह्न 11 वजे उपस्थित होना होगा। इसके तहत 20 अक्टूवर को ए अल्फावेट से जिनका नाम प्रारम्भ होता है उन अभ्यर्थियों को, 21 अक्टूवर को ए से जी तक अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थियों को, 22 अक्टूवर को एच से ओ तक अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थियों को, 23 अक्टूवर को पी से आर तक अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थियों को तथा 24 अक्टूवर को एस से जेड तक अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अग्यर्थियों को प्रमाण पत्रों की जांच कराने के लिए पहुंचना होगा।

इसी प्रकार लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक प्रवेश (सत्र 2021-22) के अंतर्गत वीएससी (मैथ्स) में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है, उन अभ्यर्थियों को एलाटमेंट पत्र, फीस की रसीद एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ लविवि के ओल्ड कैम्पस में स्थित डीन, फैकेल्टी ऑफ साइंस में प्रमाणपत्रों की जाँच केलिए के अपने नाम के प्रथम अल्फावेट के अनुसार निर्धारित की गयी तिथि को पूर्वाह्न 11 वजे उपस्थित होना होगा। इसके तहत 20 अक्टूवर को ए से लेकर के अलफावेट से जिनका नाम प्रारम्भ होता है तथा 21 अक्टूवर को एल अल्फावेट से जेड अल्फावेट तक जिनका नाम प्रारम्भ होता है उन अग्यर्थियों को वुलाया गया है। इसी क्रम में वीएससी (वायालॉजी) के ए से लेकर के अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थियों को 22 अक्टूवर को तथा एल से लेकर जेड अल्फावेट से नाम प्रारम्भ होने वाले अभ्यर्थियों को 23 अक्टूवर को अपने प्रमाण पत्रों की जांच कराने के लिए उपस्थित होना होगा।

**22 से होगी बीएड की पूल काउंसलिंग** : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड-2021-23 की काउन्सिलिंग का प्रथम चक्र पूर्ण हो गया है। इस चक्र में कुल 2,51,125 सीटों के सापेक्ष कुल 1,64,188 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण किया और कुल 1,31,841 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विकल्पित वीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई। अव 22 अक्टूवर 2021 से पूल काउंसलिंग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ होकर 25 अक्टूवर 2021 तक चलेगी। इस पूल काउंसलिंग में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी 22 से 26 अक्टूवर 2021 तक च्वाइस-फिलिंग आदि प्रक्रिया कर सकते हैं। पूल काउंसलिंग के आवंटन का परिणाम 27 अक्टूवर 2021 को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**AMRIT VICHAR PAGE 3**

## छात्र कल से प्रमाणपत्रों का करायें सत्यापन

**लखनऊ विवि**

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए छात्र आज से अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन करवा सकते हैं। हालांकि यहां अब तक केवल बीकॉम की कक्षाएं शुरू हो पाई हैं, वहीं बीए और बीएससी (एनईपी फोर ईयर प्रोग्राम) के दाखिले अब डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में पहुंचे हैं। दोनों पाठ्यक्रमों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन बुधवार से शुरू हो रहा है। प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीए और बीएससी के चार वर्षीय प्रोग्राम में जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है, उन्हें अपने एलॉटमेंट लेटर, फीस की रसीद और अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ ओल्ड कैंपस में अटल ब्लॉक के जियोग्राफी हॉल में प्रमाणपत्रों की जांच के लिए अलग-अलग तारीखों में अपने नाम के प्रथम अंग्रेजी अक्षर के अनुसार सुबह 11 बजे रिपोर्ट करना है।

**FIRST INDIA PAGE 3**

## *Verification of certs for LU 4-yr BA prog*

First India Bureau



—FILE PHOTO

**Lucknow:** Candidates who have been admitted to BA NEP 4-Year Programme under the UG admission (session 2021-22) of Lucknow University, should ensure their presence for verification of certificates on the following dates as per the first alphabet in their name from 11am onwards along with allotment letter, fee receipt and their original certificates, in Geography Hall of Atal Block in Old Campus, LU.

As per the schedule, candidates with names starting with alphabet A should report on October 20, with names commencing with alphabets A, B, C, D, E, F, G on October 21, with names beginning with H, I, J, K, L, M, N, O on October 22, with alphabet P, Q and R on October 23, while candidates whose names began with alphabets S,T,U,V,W,X,Y,Z should report on October 24.

**HINDUSTAN PAGE 5**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

विज्ञापन संख्या– R/08/2021 | **विज्ञापन** | दिनांक: 11-10-2021

विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय/विभागों/संस्थानों में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में नियत वेतन पर समूह 'ग' (संविदा) के विभिन्न पदों पर नियुक्ति/चयन हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट www.lkouniv.ac.in में CAREERS Menu पर उपलब्ध रहेगा। आवेदन की अन्तिम तिथि 01.11.2021 है।

कुलसचिव

**HINDUSTAN TIMES PAGE 7**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Advertisement No. R/08/2021 | **Advertisement** | Date: 11-10-2021

Applications from Indian citizens are invited for the various posts of Class III (Contractual) under self finance scheme in the various Faculties/Deparments/Institutes of the University. Applicants are advised to visit CAREERS menu of the website www.lkouniv.ac.in for detailed advertisement and application form. Last date for submission of online application form is 01.11.2021.

Registrar

**i-NEXT PAGE 4**

## बिना रिजल्ट आए स्कॉलरशिप को करें आवेदन

### 11 से 16 नवम्बर के बीच मिलेगा रिजल्ट ठीक करने का मौका

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (18 Oct):** एलयू में पढ़ रहे ऐसे स्टूडेंट्स जिनका अभी तक सेमेस्टर का रिजल्ट नहीं आया वह भी स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऐसे स्टूडेंट्स रिजल्ट का वेट न करें. आवेदन करते समय उसमें रिजल्ट नॉट येट डिक्लेयर्ड का विकल्प चुनते हुए ऑनलाइन आवेदन सब्मिट कर दें. आवेदन की लास्ट डेट 21 अक्टूबर है. अभी तक एलयू सहित कई संस्थानों में एग्जाम का रिजल्ट अभी तक नहीं आया है. वहीं स्कॉलरशिप आवेदन की तारीख भी नहीं बढ़ी है. ऐसे में स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स परेशान हैं. जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति बताते हैं कि स्टूडेंट्स तुरंत आवेदन कर दें. रिजल्ट नॉट येट डिक्लेयर्ड का विकल्प भरने के बाद पूर्णांक व प्राप्तांक में जीरो-जीरो भर दें. ऐसे स्टूडेंट्स का डाटा संदेहास्पद श्रेणी में आ जाएगा. संदेहास्पद डाटा सुधारने का समय मिलेगा. ऐसे स्टूडेंट्स तब अपने रिजल्ट को भर कर फॉर्म को सब्मिट कर दें. वह प्रक्रिया में शामिल हो जाएगा.

### 11 से 16 नवम्बर तक सही कराएं त्रुटि

संदेहास्पद डाटा को सुधारने के लिए मात्र छह दिन का समय मिलेगा. नए टाइम टेबल के अनुसार स्टूडेंट्स 11 से 16 नवम्बर तक संदेहास्पद डाटा को ठीक कर सकते हैं. 11 नवम्बर को स्टूडेंट्स, संस्थान व कल्याण अधिकारी के लॉगिन पर संदेहास्पद डाटा आ जाएगा. इसके बाद स्टूडेंट्स एडिट करके अपने प्राप्तांक व पूर्णाकि दर्ज कर दें. प्रिंटआउट निकाल लें. संस्था से भी परीक्षाफल अंकित कराते हुए सब्मिट कर दें. आवेदन की त्रुटियां को सुधार कर स्टूडेंट्स को हार्ड कॉपी 17 नवम्बर तक संस्थान में भी जमा करना अनिवार्य है.

**अभी स्टूडेंट्स हैं काफी परेशान.**